University in News on 29 September 2023

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि शिक्षकों का दल नेपाल रवाना

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षकों का एक दल कुलपति के नेतृत्व में नेपाल के लिए रवाना हुआ। यह दल नेपाल के शैक्षिक और शोध परितंत्र का अध्ययन करने के साथ ही समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर करेगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वैश्विक संभावनाएं हैं। इसके आदर्शों और मानकों का लाभ देश के शैक्षिक संस्थानों को मिलना शुरू हो चुका है। शिक्षक दल नेपाल में तीन बिंदुओं नेपाल और भारत के बीच व्यापक और सकारात्मक शैक्षिक आदान-प्रदान, राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अंतरराष्ट्रीय शिक्षा नीति के रूप में चर्चा में लाना और चुनिंदा उत्कृष्ट शैक्षिक संस्थाओं के साथ अकादमिक, सांस्कृतिक संवाद और आवश्यकतानुसार समझौता ज्ञापन स्थापित करने पर अध्ययन करेगा। दल में वीसी के साथ डीन एकेडमिक्स प्रो. गीतांजलि मिश्रा, प्रो. आरपी सिंह, प्रो. अवधेश त्रिपाठी, डॉ. केया पाण्डेय, प्रो. सतेंद्र पाल सिंह, वित्त अधिकारी हिमानी चौधरी शामिल हैं। (संवाद)

एमपीएड, एमलिब का पहला सीट आवंटन जारी

लखनऊ। लविवि में परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया के क्रम में वृहस्पतिवार को एमपीएड व एमलिब का पहला सीट आवंटन जारी कर दिया गया। अभ्यर्थी लविवि की वेबसाइट पर लॉगइन आईडी और पासवर्ड के माध्यम से विवरण देख सकते हैं। सीट आवंटन वाले सभी अभ्यर्थियों को 30 सितंबर की मध्यरात्रि तक विवि की वेबसाइट पर ऑनलाइन फीस जमा करनी होगा। किसी तरह की समस्या होने पर अभ्यर्थी प्रवेश समन्वयक कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। (संवाद)

शहीद-ए-आजम को किया नमन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती पर सोमवार को श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर सभी शिक्षकों ने अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संगीता साहू व अधिष्ठाता कला संकाय प्रो. अरविंद अवस्थी के नेतृत्व में भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। छात्रों ने भगत सिंह की याद में मार्च निकाल कर उनके नारे बुलंद किए। उधर, समाजवादी छात्रसभा की ओर से विवि में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. इमरान ने नौजवानों को भगत सिंह के जीवन से सीखने व प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। (संवाद)

JAGRAN CITY PAGE III

नेपाल के साथ शैक्षिक समझौता करेगा लवि

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के नेतृत्व में गुरुवार को प्रतिनिधि मंडल नेपाल के शैक्षिक और शोध परितंत्र का अध्ययन करने एवं उनके विभिन्न संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन के लिए रवाना हुआ। इसका नाम क्षितिज समन्वय रखा गया है।

कुलपति ने कहा कि नई शिक्षा नीति में वैश्विक संभावनाएं हैं। आवश्यकता है इसे विश्व पटल पर रखने की। यह प्रतिनिधि मंडल नेपाल में मुख्य रूप से तीन बिंदुओं पर अध्ययन करेगा। इसमें नेपाल व भारत के बीच व्यापक और सकारात्मक शैक्षिक आदान प्रदान, एनईपी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अंतरराष्ट्रीय शिक्षा नीति के रूप में चर्चा परिचर्चा में लाना, उत्कृष्ट शैक्षिक संस्थाओं के साथ अकादमिक, सांस्कृतिक संवाद और आवश्यकतानुसार समझौता ज्ञापन स्थापित करना है। इसके अलावा प्रतिनिधि मंडल नेपाल के आम जन मानस में शिक्षा के वैश्विक आयामों पर भी अध्ययन, चर्चा एवं चिंतन संवाद करेगा। इसके लिए व्यापक रूपरेखा भी तैयार की है। नेपाल के शैक्षिक परितंत्र के साथ लवि का संवाद दोनों देशों के लिए काफी प्रभावी और लाभप्रद होगा।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के साथ नेपाल रवाना हुआ शैक्षिक दल • सौजन्य लवि

कुलपति के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल नेपाल के लिए रवाना, लवि का संवाद दोनों देशों के लिए काफी प्रभावी और लाभप्रद होगा

ये हैं प्रतिनिधि मंडल में शामिल : डीन एकेडमिक्स प्रो. गीतांजलि मिश्र, डायरेक्टर इंटरनेशनल सेल प्रो. आरपी सिंह, डीन कालेज डेवलपमेंट काउंसिल प्रो. अवधेश त्रिपाठी, डा. केया पांडेय, प्रो. सतेंद्र पाल सिंह एवं लखनऊ विश्वविद्यालय की वित्त अधिकारी हिमानी चौधरी हैं।

एम.पीएड में सीट आवंटन

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने गुरुवार को एम.पीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए सीट आवंटन जारी कर दिया। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर के अनुसार जिन्हें सीट आवंटित हो गई है, वे 30 सितंबर को रात 12 बजे तक फीस जमा कर दें। (जासं.)

वीरबल साहनी हास्टल में रहेंगी सभी अंतरराष्ट्रीय छात्राएं

जासं, लखनऊ : लवि में पढ़ने वाली सभी अंतरराष्ट्रीय छात्राएं अब वीरबल साहनी हास्टल में रहेंगी। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर संगीता साहू ने बताया कि अभी तक छात्राओं की संख्या 35 थी। इसलिए उन्हें निवेदिता हास्टल के एक फ्लोर में रहने की व्यवस्था थी। अब इनकी संख्या बढ़कर 80 हो गई है।

HINDUSTAN PAGE 6

शिक्षा पर भारत-नेपाल में कई समझौते होंगे

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय का एक दल नेपाल रवाना हुआ। शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण और समन्वय की नीति के तहत कुलपति प्रो. आलोक राय के नेतृत्व में रवाना दल पड़ोसी देश नेपाल के शैक्षिक, शोध परितंत्र का अध्ययन करने और विभिन्न संस्थानों के साथ एमओयू करेगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वैश्विक संभावनाएं हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय में एमलिब की मेरिट जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के परास्नातक प्रवेश सत्र 2023-24 के अन्तर्गत एमलिब की मेरिट लिस्ट गुरुवार को जारी कर दी गई है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर के मुताबिक विद्यार्थी वेबसाइट पर लॉगिन कर अलॉटमेंट देख सकते हैं। जिन छात्रों को सीट आवंटित हुई है वे 30 सितंबर तक फीस जमा कर सकते हैं।

AMRIT VICHAR PAGE 4

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वैश्विक संभावनाएं: प्रो. राय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय का एक प्रतिनिधिमंडल कुलपति के नेतृत्व में नेपाल के शैक्षिक और शोध परितंत्र का अध्ययन करेगा। साथ ही एमओयू पर भी हस्ताक्षर करेगा।

कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वैश्विक संभावनाएं हैं, विश्व पटल पर इसे रखने की जरूरत है। इसके आदर्शों और मानकों का लाभ देश के शैक्षिक संस्थानों को मिलना प्रारंभ हो चुका है। प्रतिनिधि मंडल नेपाल में मुख्य रूप से तीन बिंदुओं पर नेपाल और भारत के बीच व्यापक और सकारात्मक शैक्षिक आदान-प्रदान, राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अंतरराष्ट्रीय शिक्षा नीति के रूप में चर्चा परिचर्चा में लाना और चुनिंदा उत्कृष्ट शैक्षिक संस्थाओं के साथ अकादमिक, सांस्कृतिक संवाद व आवश्यकतानुसार समझौता करेगा। प्रतिनिधिमंडल नेपाल के आम लोगों में शिक्षा के वैश्विक आयामों पर भी अध्ययन और चर्चा करने के साथ संवाद करेगा।

एम लिब की मेरिट जारी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय की परास्नातक प्रवेश के तहत एम लिब और एमपी ईडी की पहली मेरिट लिस्ट जारी हो गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 30 तक फीस जमा करनी होगी। दूसरी ओर बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर के उत्तीर्ण छात्रों को काउंसलिंग फार्म, चतुर्थ सेमेस्टर की उत्तीर्ण अंकतालिका, फीस रसीद की छायाप्रति और विषय चयन विकल्प की प्रति के साथ 7 अक्टूबर तक प्रवेश लेना होगा।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वैश्विक संभावनाएं

कुलपति प्रो. आलोक कुमार के नेतृत्व में लखनऊ विश्वविद्यालय का प्रतिनिधि मंडल नेपाल पहुंचा

लखनऊ (एसएनबी)। शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण और समन्वय की नीति के अंतर्गत पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के शैक्षिक और शोध परितंत्र का अध्ययन करने तथा उनके विभिन्न संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के नेतृत्व में

- नीति के आदर्शों और मानकों का लाभ देश के शैक्षिक संस्थानों को मिलना प्रारंभ हो चुका है : डॉ. आलोक राय

वृहस्पतिवार को एक प्रतिनिधि मंडल रवाना हुआ।

कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वैश्विक संभावनाएं है, इसे विश्व पटल पर रखने की आवश्यकता है। इसके आदर्शों और मानकों का लाभ देश के शैक्षिक संस्थानों को मिलना प्रारंभ हो चुका है, अब आवश्यकता है इसके आदर्शों और मंतव्य को वर्तमान वैश्विक परिवेश में वैश्विक साझेदारों एवं अन्य पक्षों के साथ संवाद किया जाए। यह प्रतिनिधि मंडल नेपाल में मुख्य रूप से तीन विंदुओं पर अध्ययन करेगा, नेपाल और भारत के बीच व्यापक और सकारात्मक शैक्षिक आदान प्रदान, राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सदाशय पूर्वक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अंतरराष्ट्रीय शिक्षा नीति के रूप में चर्चा परिचर्चा में लाना और चुनिंदा उत्कृष्ट शैक्षिक संस्थाओं के साथ अकादमिक, सांस्कृतिक संवाद और आवश्यकतानुसार समझौता ज्ञापन स्थापित करना। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के नेतृत्व वाले इस प्रतिनिधि मंडल में लखनऊ विवि की डीन एकेडमिक्स प्रो. गीतांजलि मिश्र, डायरेक्टर इंटरनेशनल सेल प्रो. आरपी सिंह, डीन कॉलेज डेवलपमेंट काउंसिल अवधेश त्रिपाठी, केया पाण्डेय एवं लखनऊ विवि की वित्त अधिकारी सुश्री हिमानी चौधरी है।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में हैं वैश्विक संभावनाएं : प्रो. आलोक

स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण और समन्वय की नीति के तहत पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के शैक्षिक और शोध परितंत्र का अध्ययन करने तथा उनके विभिन्न संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन के लिए कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल रवाना हुआ। प्रतिनिधि मंडल को दिशानिर्देश देते हुए कुलपति ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वैश्विक संभावनाएं हैं, आवश्यकता है इसे विश्व पटल पर रखने की। इसके आदर्शों और मानकों का लाभ देश के शैक्षिक संस्थानों को मिलना प्रारंभ हो चुका है, अब जरूरत है इसके आदर्शों और मंतव्य को वर्तमान वैश्विक परिवेश में वैश्विक साझेदारों एवं अन्य पक्षों के साथ संवाद किया जाए। यह प्रतिनिधि मंडल नेपाल में मुख्य रूप से तीन बिंदुओं पर अध्ययन करेगा। नेपाल और भारत के बीच व्यापक व सकारात्मक शैक्षिक आदान प्रदान, राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सदाशयपूर्वक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अंतरराष्ट्रीय शिक्षा नीति के रूप में चर्चा परिचर्चा में लाना और चुनिंदा उत्कृष्ट शैक्षिक संस्थाओं के साथ अकादमिक, सांस्कृतिक संवाद और आवश्यकतानुसार समझौता ज्ञापन स्थापित करना। इसके अलावा प्रतिनिधि मंडल नेपाल के आम जनमानस में शिक्षा के वैश्विक आयामों पर भी अध्ययन, चर्चा व चिंतन संवाद करेगा और कुछ उच्च शिक्षण परिसरों में चर्चा-परिचर्चा में भी प्रतिभाग करेगा।

कुलपति के नेतृत्व वाले इस प्रतिनिधि मंडल में लविवि की डीन एकेडमिक्स प्रो.गीतांजलि मिश्र, डायरेक्टर इंटरनेशनल सेल प्रो.आरपी सिंह, डीन कॉलेज डेवलपमेंट काउंसिल प्रो.अवधेश त्रिपाठी, निदेशक पीएम रुसा, डॉ.केया पाण्डेय, उपक्रम के एसोसिएट इंटरनेशनल डायरेक्टर एवं प्रो.सतेंद्र पाल सिंह एवं लविवि की वित्त अधिकारी हिमानी चौधरी शामिल हैं। कुलपति के निर्देशानुसार सभी सदस्य अपनी-अपनी विशेषज्ञता के क्षेत्र में शैक्षिक परिदृश्य का अध्ययन करके नीति निर्धारण के लिए अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। लविवि ने इस प्रतिनिधि मंडल का नाम क्षितिज समन्वय दिया है। हमने क्षितिज समन्वय 1.1. के तहत एक व्यापक रूपरेखा कल्पित की है। प्रो.राय ने कहा कि पड़ोस प्रथम की हमारी नीति निकट भविष्य में व्यापक परिणाम देगी। हमने भारतीय राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के मानकानुसार लविवि में विभिन्न स्तरों पर सकारात्मक परिवर्तन किए हैं।

TOI PAGE 4

GATEWAY TO LEARNING

Artist's impression of a grand gate number three that Lucknow University will soon get. The 60-foot wide and 40-foot high gate will bear LU's name in Hindi and a dome at the top

LOKSATYA PAGE 2

शहीदे आजम भगत सिंह को किया नमन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के स्टूडेंट्स ने शहीदे-आजम भगत सिंह के योगदान को याद किया। उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पितक किए। एलयू कैंपस में मैत्री भवन के पास उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शिक्षकों व छादत्र-छात्राओं ने श्रद्धांजलि देकर नमन किया। कार्यक्रम में डीन आट्र्स, डीन साइंस, डीन छात्र कल्याण, निदेशक आईक्यूएसी और विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्रमुख, रजिस्ट्रार, परीक्षा नियंत्रक, प्रॉक्टर और संकाय सदस्य, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और छात्र मौजूद थे।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में हैं वैश्विक संभावनाएं

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीयकरण और समन्वय की नीति के तहत पड़ोसी देश नेपाल के शैक्षिक और शोध परितंत्र का अध्ययन करने तथा उनके विभिन्न संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन के लिए कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के नेतृत्व में गुरुवार को एक प्रतिनिधि मंडल रवाना हुआ। प्रतिनिधि मंडल को दिशा निर्देश देते हुए कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वैश्विक संभावनाएं हैं, इसे विश्व पटल पर रखने की आवश्यकता है। यह प्रतिनिधि मंडल नेपाल में मुख्य रूप से तीन बिंदुओं पर अध्ययन करेगा। नेपाल और भारत के बीच व्यापक और सकारात्मक शैक्षिक आदान-प्रदान, राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सदाशय पूर्वक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा नीति के रूप में चर्चा परिचर्चा में लाना और चुनिंदा उत्कृष्ट शैक्षिक संस्थाओं के साथ अकादमिक, सांस्कृतिक संवाद और आवश्यकतानुसार समझौता ज्ञापन स्थापित करना।

भगत सिंह के जीवन संघर्षों को किया याद

स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ। विश्वविद्यालय ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह के जन्मदिन पर मैत्री भवन के पास स्थापित भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं, कार्यक्रम में मौजूद तमाम विभागों के प्रमुख ने क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह ने जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके संघर्षों को याद किया और देश की आजादी के लिए उनके किए कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर विवि के डीन आट्र्स, डीन साइंस, डीन छात्र कल्याण, निदेशक आईक्यूएसी और विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्रमुख, रजिस्ट्रार, परीक्षा नियंत्रक, प्रॉक्टर, संकाय सदस्य, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।